कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर हनुमानगढ

प्रकरण संख्या 107/2017 सूचना के अधिकार के अन्तर्गत

श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री राधेश्याम, गोपाल मेडिकल के पास,
वार्ड नं0 9, मुकाम पोस्ट मक्कासर, तहसील व जिला हनुमानगढ।
––अपीलार्थी

बनाम

उपखण्ड अधिकारी हनुमानगढ।

––प्रत्यार्थी

आदेश दिनांकः–07.11.2017

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी हनुमानगढ के विरूद्ध प्राप्त हुई।

अपीलार्थी उपस्थित नही। अपील के साथ संलग्न आवेदन पत्र दिनांक 06.09.2017 की फोटो कापी के अनुसार तथा अपील में अंकित तथ्यो के अनुसार उपखण्ड अधिकारी हनुमानगढ ने कोई सूचना उपलब्ध नही कराई है। सूचना उपलब्ध कराई जाने हेतु अपीलार्थी द्वारा यह अपील की गई है।

पत्रावली का अवलोकन किया। उपखण्ड अधिकारी हनुमानगढ से इस अपील में कोई जवाब प्राप्त नही हुआ है। अतः अपीलार्थी की अपील स्वीकार की जाती है। उपखण्ड अधिकारी हनुमानगढ को निर्देश दिये जाते है कि वे अपीलार्थी के आवेदन पत्र दिनांक 06.09.2017 के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत उसके द्वारा चाही गई सूचना अपीलार्थी को सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत नियमानुसार उपलब्ध करवाई जावे। अपीलार्थी की वर्तमान अपील उपरोक्तानुसार निर्णित की जाती है। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ